सार-समाचार

प्रोत्साहन राशि योजना के आवेदन शुरू

कोटा, (निसं)। कृषि विभाग द्वारा कृषि संकाय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए प्रोत्साहन राशि योजना के तहत राजकिसान साथी पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। आवेदन राज किसान साथी पोर्टल पर 31 जनवरी 2026 तक किए जाएंगे। जिले के समस्त कृषि विद्यालयों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्राएँ इस योजना के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन कर सकती हैं। 31 जनवरी के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करते समय छात्राएं आवेदन में सही शैक्षणिक वर्ष अंकित करें। साथ ही, गत् वर्ष की अंक तालिका और राजस्थान का मूल निवासी प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। कृषि विषय मे सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी में अध्ययनरत् छात्राओं को 15 हजार रुपये, कृषि स्नातक शिक्षा जैसे उद्यानिकी, डेयरी, कृषि अभियांत्रिकी, खाद्य प्रसंस्करण आदि में अध्ययनरत् छात्राओं और स्नातकोत्तर कृषि में अध्ययनरत् छात्राओं को 25 हजार रुपये और पी.एच.डी. में अध्ययनरत् छात्राओं को 40 हजार रुपये प्रति वर्ष की दर से प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान हैं। उन्होंने बताया कि गत् वर्ष मे अनुत्तीर्ण छात्राओं को पुन: उसी कक्षा में प्रवेश लेने पर प्रोत्साहन राशि देय नहीं होगी। साथ ही, सत्र के मध्य शिक्षण संस्थान छोड़कर जाने वाली छात्राओं को भी प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं होगा।

मुनिद्वय निष्पक्ष सागर संघ का मंगल प्रवेश

भवानीमंडी, (निसं)। भवानीमंडी में आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनिद्वय निष्पक्ष सागर व निस्पृहसागर महाराज इंदौर मध्यप्रदेश से विहार कर भवानीमंडी पहुंचे जहाँ उनका गुरुवार को नगर में मंगलप्रवेश हुआ। जिनकी जैन समाज ने भव्य अगवानी की जिन्हे रामनगर के नंदूबाई, शंकरलाल आदर्श विद्या मंदिर से ढोल, बैंड, बाजे, बग्घी, हाथों में कलश लिए चल रही बालिका मंडल, छतरी कलश के साथ चल रहे महिला मंडल, आष्टा से आए हुए दिव्योदय जयघोष द्वारा किया गया वादन, वेदपाठी बालकों द्वारा शोभायात्रा के साथ दिगंबर जैन मंदिर तक लाया गया। मुनि निस्पृहसागर महाराज ने अपने प्रवचन मे आचार्य विद्यासागर महाराज की आज्ञा को रामायण के दृष्टांत के माध्यम से बताया कि गुरु की आज्ञा का पालन करना ही गुरु की सच्ची सेवा है। एक पिता तभी निश्चिंत होकर सन्यास ग्रहण कर सकता है जब उनका कोई पुत्र उनकी आज्ञा का पालन करें। समझदार व्यक्ति कभी उलझनो में उलझना नहीं चाहेगा, यह लौकिक संसार उलझाने वाला है, इससे जितना जल्दी छुटकारा मिल जाए उतना अच्छा है। जैन मुनि गुरु आज्ञा को ही अपना दीक्षा व मोक्ष मान लेते हैं। वैभव कभी गुरु चरणों से अधिक श्रेयस्कर व प्रभावी नहीं हो सकता है। मां की छत्रछाया हमेशा सुखदाई होती है।

श्याम भजन संध्या आज

कोटा, (निसं)। स्व.श्री लालचंद शिमला देवी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 4 जुलाई शुक्रवार 2025 को रात्रि 8.00 बजे से श्री श्याम कृपा महोत्सव के अंतर्गत विशाल श्याम भजन संध्या का आयोजन गीता सत्संग भवन, सरोवर रोड़ कोटा पर किया जाएगा। आयोजक कमल किशोर अग्रवाल ने बताया कि माताजी स्व.श्रीमती शिमला देवी अग्रवाल की पुण्यतिथि पर बाबा श्याम का गुणगान करने बांदीकुई से आंचल अरोड़ा, देई (बूंदी) से राजेन्द्र अग्रवाल पधार रहे है, साथ ही स्थानीय भजन गायक चंद्रमोहन गर्ग, राजेन्द्र पारीक, भंवर बना, आकाश मालकानी, शुभम शर्मा, राहुल दुबे, दीप अग्रवाल, उन्नति शर्मा, निहारिका सोनी तथा रिद्धि भरावा भी बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। श्री श्याम मित्र मंडल संस्था के सान्निध्य में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। संस्था के अध्यक्ष सुरेन्द्र गोयल ने बताया कि बाबा श्याम का श्रृंगार दिल्ली और कोलकाता के फूलों से किया जाएगा। बाबा श्याम की अखंड ज्योति जलाई जाएगी। पहले यह कार्यक्रम तिरुपति बालाजी पर होना था, लेकिन बरसात के मौसम को देखते हुए गीता भवन सत्संग हॉल में यह भजन संध्या आयोजित की जाएगी।

शतरंज प्रतियोगिता 5 जुलाई से

कोटा, (निसं)। जिला शतरंज संघ कोटा द्वारा आयोजित जिला अण्डर-13-15 (ओपन व गर्ल्स) शतरंज प्रतियोगिता 5 व 6 जुलाई को वृंदावन होम स्टे सीपी-22 विवेकानंद नगर कोटा में आयोजित की जाएगी। अण्डर-13 वर्ग की प्रतियोगिता 5 जुलाई व अण्डर-15 की प्रतियोगिता 6 जुलाई को आयोजित की जाएगी। कोटा शतरंज संघ के अध्यक्ष प्रेम भाटिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता का पहला राउण्ड दोपहर 2 बजे से खेला जाएगा। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय स्विस पद्धति के आधार पर खेली जाएगी। अण्डर-13-15 (ओपन व गर्ल्स) में वही खिलाड़ी खेलने के लिए पात्र होगा जिसका जन्म अण्डर-13 के लिए 1 जनवरी 2013 व इसके बाद हुआ है एवं अण्डर-15 के लिए 1 जनवरी 2010 व इसके बाद हुआ है इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रत्येक वर्ग प्रथम 2 बालक व 2 बालिकाओं का चयन अण्डर-13-15 राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए किया जाऐगा।

मकान मालिकों को नोटिस दिए

कोटा, (निसं)। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए कामयाब कोटा के तहत गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग की 714 टीमों ने जिले में 12875 घरों का सर्वे कर लार्वारोधी व जागरूकता गतिविधियां की। सीएमएचओ डॉ.नरेन्द्र नागर ने बताया कि मच्छरजनित डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि की रोकथाम के लिए टीमों ने 25678 कंटेनरों की जांच की, इस दौरान लार्वा मिले 226 कंटेनरों को उपचारित किया, 2173 कंटेनरों को खाली कराया, 1299 कंटेनरों में टेमीफोस व 992 स्थानों पर एमएलओ डाला। इस दौरान 196 ब्लड स्लाईड भी ली गई। 239 कमरों में पायरेथ्रम का स्प्रे किया गया। लार्वा मिलने पर 12 मकान मालिकों को नोटिस दिये। आमजन को बचाव-रोकथाम संबधी जागरूकता के पम्फलेट वितरित किए, पोस्टर व स्टीकर चस्पा किए।

'रामकथा श्रवण से समाप्त हो जाती है जीवन की हर व्यथा'

- मुरलीधर महाराज ने वैराग्य, भक्ति और विवेक के संदेश दिए
- कोटा में चल रहे श्रीरामकथा महोत्सव में श्रद्धालु उमड़े

कोटा, (निसं)। दशहरा मैदान स्थित श्रीराम रंगमंच पर चल रहे श्रीराम कथा महोत्सव के दूसरे दिन संत मुरलीधर महाराज ने माता सती और भगवान शिव के संवाद व रामकथा के आध्यात्मिक प्रसंगों का रसप्रद और ज्ञानवर्धक वर्णन किया। कथा में संतश्री ने कहा कि मन का स्वभाव है लगना, वाणी का स्वभाव है बोलना।

अब यह तय आपको करना है कि मन संसार में लगे या भगवान में। इसी को उन्होंने वैराग्य और विवेक का मूल बताया। माता सती और शिव प्रसंग में उन्होंने बताया कि शिवजी स्वयं राम का जप करते हैं, और माता सीता एवं भगवान शंकर के बीच संवाद के माध्यम से उन्होंने राम कथा को मोह और भ्रम से मुक्ति का साधन बताया।

कथा के दौरान सती-शिव संवाद का उल्लेख करते हुए मुरलीधर महाराज ने बताया थी माता सती को प्रभु श्रीराम की दिव्यता पर संदेह होता है। भगवान शिव माता सती को समझाते हैं कि श्रीराम कोई साधारण मनुष्य नहीं, साक्षात ब्रह्म हैं, तो सती उनकी बात पर संशय करती हैं और श्रीराम की परीक्षा लेने जाती हैं। लेकिन रामजी उन्हें बिना देखे ही पहचान लेते हैं, और सती भीतर से व्याकुल हो जाती हैं और उन्हें पश्चताप करना पड़ता है। संतश्री ने कहा कि यह प्रसंग हमें सिखाता है कि जब श्रद्धा में संशय आ जाए, तो वह भक्ति नहीं रह जाती।

रामकथा केवल भगवान की महिमा नहीं बताती, यह मन के भीतर के भ्रम और अहंकार को पहचानने का साधन भी है। राम कथा वो सरोवर है जिसमें बार-बार डुबकी लगाकर ही मन पवित्र होता है। हनुमान जी महाराज स्वयं कहते हैं कि जीवन की सारी व्यथा रामकथा सुनने से मिट जाती हैं। यह कथा केवल ज्ञान नहीं, मन की शुद्धि और चेतना का जागरण है। व्यासपीठ से पूज्य संत मुरलीधर महाराज ने कहा कि संत की कोई जाति नहीं होती। जिसके साथ कुछ लोग चलें, वह पंथ होता है, लेकिन जिसके साथ सभी चलें, वही सच्चा संत होता है।

उन्होंने कहा कि संत परमार्थ का मार्ग दिखाता है, मोह और भ्रम को काटता है। महाराज ने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान के द्वार पर जाने के लिए पद, कद, अहंकार और बुद्धि का त्याग आवश्यक है। प्रभु राम सहज हैं, उनसे कुछ मांगने की आवश्यकता नहीं होती जब भाव शुद्ध होता है, तो वह स्वत: दे देते हैं। संत श्री ने प्रवचन में जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम हमेशा चाहते हैं कि जो हम करें, वही हो; लेकिन जो हम चाहते हैं, वह तभी संभव है जब हम वही करें, जो भगवान चाहते हैं। इसलिए जरूरी है कि हम वही करे जो प्रभु की इच्छा हो तो वही होगा जो हम चाहते हैं।

उन्होंने जीवन में निराशा नहीं, श्रद्धा और समर्पण का भाव बनाए रखने पर बल दिया। कथा के दौरान जैसे ही "मन सीताराम रट रे, तेरे संकट जाएंगे कट रे3" और "जाबा द्यो सखियों म्हानें शिव जी लडेला ये3" जैसे भजन गूंजे, पूरा वातावरण भक्ति में सराबोर हो उठा। दूसरे दिन कथा गायन दोपहर 2.30 बजे से सायं 7.00 बजे तक चला। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महाराज ने घोषणा की कि अब प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 2.00 बजे से सायं 6.30 बजे तक निर्धारित रहेगा। श्रीराम कथा सेवा समिति की संरक्षक डॉ.अमिता बिरला, आयोजक अशोक जाजोदिया, आनंद जाजोदिया, सीता देवी, अनन्त प्रकाश जाजोदिया सहित समस्त जाजोदिया परिवार व समिति पदाधिकारियों ने व्यासपीठ की पूजा कर संतश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

'नो प्लास्टिक बैग' का संदेश दिया

कोटा, (निसं)। इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे के उपलक्ष्य में विज्ञान नगर स्थित कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी संस्था द्वारा "नो प्लास्टिक बैग" थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पेपर ओर जूट के बेग्स इस्तेमाल करने का मैसेज दिया गया।

संस्था के विद्यार्थी नुरीन अंसारी, माही वर्मा, गुनगुन डागर और नूर उल कमर ने प्लास्टिक बैग से फैशन ड्रेस बनाई और बड़ा पेपर बैग नो प्लास्टिक थीम पर तैयार किया जिसे संस्था के विद्यार्थियों द्वारा प्रसेंट किया गया संस्था की निदेशक पुजा राजवंशी ने बताया कि फैशन के माध्यम से सभी को प्लास्टिक बेग्स से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का प्रयास किया गया है क्योंकि प्लास्टिक बैग हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए खतरा बन गया है।

आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के जन्म उत्सव पर 201 यूनिट रक्तदान

कोटा, (निसं)। बागेश्वर धाम के प्रमुख आचार्य धीरेंद्र शास्त्री के जन्म उत्सव के उपलक्ष में थेगड़ा रोड बोरखेड़ा स्थित कंचन रिजॉर्ट पर श्रद्धालुओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 201 यूनिट रक्तदान हुआ। बागेश्वर धाम सरकार शिष्य मंडल कोटा के अध्यक्ष अनुज शर्मा ने बताया कि सिविल में युवाओं ने उत्साह के साथ श्रद्धा भाव से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जिसमें 201 यूनिट रक्तदान हुआ। सुबह से ही युवा रक्तदान करने उमड़ा, जिनका उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर अनुज शर्मा ने कहा कि भले ही यह बागेश्वर धाम सरकार की जन्म उत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन हो।

त्यौहारों पर सौहार्द कायम रखने में सहयोग की अपील

कोटा, (निसं)। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने कहा कि आगामी त्यौहारों के दौरान जिले में सभी वर्ग एवं समुदाय आपसी भाईचारा कायम कर सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने सौहार्दपूर्ण माहौल कायम रखने में सभी धर्मगुरुओं, सामाजिक-धार्मिक संगठनों, समाजसेवियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों से सहयोग की अपील की। जिला कलक्टर गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित न्यू सभागार में कोटा जिले के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी धर्म-सम्प्रदाय एवं वर्गों के सहयोग से विभिन्न त्यौहारों का सफल आयोजन हो, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी समुदाय एवं वर्गों को साथ लेकर कोटा जिले को और बेहतर बनाने की दिशा में आगे कदम बढ़ाए जाएंगे।

ताजियों के रूट की व्यवस्थाएं चेक करें-समारिया ने त्यौहारों को देखते हुए नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मोहर्रम के ताजिए निकलने वाले रूट की विजिट कर समस्त व्यवस्थाओं की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखते हुए किसी भड़काऊ पोस्ट पर संज्ञान लेने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम को ताजियों के रूट पर कचरे एवं नालियों की सफाई तथा मेनहॉल ढकने के निर्देश दिए। साथ ही, आवारा पशुओं को भी हटाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने मानसून के दौरान हुई भारी वर्षा को देखते हुए अपील की कि सभी सतर्कता एवं सावधानी बरतें। उफनते हुए नालों एवं पानी के तेज बहाव में नहीं जाएं। उन्होंने आपदा प्रबंधन एवं नगर निगम अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों के लिए पूरी तैयारियां रखने के निर्देश दिए। केईडीएल अधिकारियों को झूलते तारों को सही करने एवं ताजियों के रूट पर विजिट कर ट्रांसफॉर्मर एवं अन्य पॉइन्ट्स चेक करने के निर्देश दिए।

अतिक्रमण हटाया

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर अतिक्रमण अनुभाग द्वारा गुरुवार को बोरखेड़ा पुलिया के नीचे के क्षेत्र से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को अंजाम दिया। काफी समय से अतिक्रमियों द्वारा अस्थाई अतिक्रमण किए जाने की शिकायते प्राप्त हो रही थी। जिन्हे काफी मर्तबा अतिक्रमण हटाने हेतु समझाइश की गई थी। परन्तु अतिक्रिमयों द्वारा दिन प्रति दिन अतिक्रमण बढ़ता जा रहा था। जिस पर आयुक्त नगर निगम कोटा उत्तर अशोक त्यागी से प्राप्त निर्देश अनुसार अतिक्रमण निरोधत्मक कार्यवाही को अतिक्रमण प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तरूण कांत सोमानी, सह प्रभारी कनिष्ठ अभियंता हनुमाना राम के नेतृत्व में संयुक्त कार्यवाही करते हुए अस्थाई अतिक्रमण निरोधत्मक कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

सम्मान समारोह आयोजित

छबड़ा (निसं)। बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को प्रधानाचार्य अशोक यादव की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाली प्रतिभावान छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य यादव ने बताया कि 219 छात्राओं में से 177 छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है, जिनमें से 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 95 छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित। जीव विज्ञान विषय में 100 प्रतिशत प्राप्तांक लानें वाली सात प्रतिभावान छात्राओं को 1500 रुपये एवं अभिषेक योगी वकअ द्वारा कम्प्यूटर साईंस में 100 प्रतिशत अंक लाने वाली दो छात्राओं को 2100 रुपये का नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति मकान नम्बर A-70/R, वाके श्रीरामकृष्णपुरम सेक्टर-A, योजना कोटा (राजस्थान) में स्थित है, उक्त सम्पत्ति को नगर विकास न्यास, कोटा द्वारा श्री तरूण कान्त सोमान के पक्ष में जरिये रजिस्टर्ड पट्टा विलेख (लीज डीड) दिनांक 28.03.2025 जिसका पंजीयन दिनांक 29.03.2005 को प्राप्त हुई थी, तत्पश्चात् श्री तरूण कान्त सोमानी ने बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 24.02.2014 को श्रीमती मनोहर बाई के पक्ष में कर दिया, तत्पश्चात् श्रीमती मनोहर बाई ने जरिये वसीयतनामा दिनांक 16.06.2021 को श्री राकेश कुमार जैन के पक्ष में कर दिया, तत्पश्चात् मनोहर बाई का स्वर्गवास दिनांक 11.07.2021 को हो गया, एवं मनोहर बाई के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक वारिसान् श्री राकेश कुमार जैन वसीयतनामा दिनांक 16.06.2021 जिसका पंजीयन दिनांक 22.09.2021 के अनुसार उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रूप से मालिक व कार्बिज हो गये। तत्पश्चात् नगर विकास न्यास कोटा द्वारा नाम हस्तान्तरण दिनांक 15.03.2022 को श्री राकेश जैन के पक्ष में किया हुआ है, तत्पश्चात् श्री राकेश कुमार जैन ने बेचान जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 29.09.2022 को श्रीमती पारसी पत्नि श्री देवा गुर्जर के पक्ष में कर दिया, जिस बाबत् मेरी अभिभाष्या श्रीमती पारसी पत्नि श्री देवा गुर्जर वित्तीय संस्था LIC Housing Finance Ltd. से ऋण ले रही है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालीकाना हक स्वामित्व, कब्जे व अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो पन्द्रह दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करें, अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

दिनांक : 03.07.2025 for SRM PARTNERS, KOTA
Off. No. 127, Santwani Sadan, Ballabh Bari, Kota Mob. 7737426847

आम सूचना

मेरे पक्षकार मास रूरल हाउसिंग एण्ड मोरगेज फाईनेन्स लिमिटेड की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुरदेव सिंह दलबीर सिंह गिल द्वारा अपने स्वामित्व के फ्लेट नम्बर 201 सेकण्ड फ्लोर, वाके प्लाट नम्बर 119, सिंधी कॉलोनी, गुमानपुरा कोटा (राज.) पर मेरे पक्षकार के यहां से ऋण लिया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति सुगनामल जी को भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ रिहेबिलेटशन से प्राप्त हुई थी जिसका क्षेत्रफल 2000 वर्गफुट था, सुगनामल की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र जेठानन्द व वासुदेव ने उक्त सम्पत्ति का गोविन्द हेमराजानी को विक्रय कर दी थी जिसका विक्रय पत्र का पंजीयन दिनांक 07.08.2013 को पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1207 पृष्ठ संख्या 102 क्रमांक 2013012399 पर हो रहा है। गोविन्द हेमराजानी ने उक्त सम्पत्ति पर 8 फ्लेट्स का निर्माण किया तथा द्वितीय फ्लोर पर एक फ्लेट के विक्रय करने के लिये मुख्तार नामा हीरालाल को दिनांक 05.05.2015 को दिया उक्त मुख्तार नामे के आधार पर हीरालाल ने उक्त फ्लेट बोबी को जरिये विक्रय पत्र बेचान किया जिसका विक्रय पत्र का पंजीयन दिनांक 07.06.2022 को पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1605 पृष्ठ संख्या 137 क्रमांक 202203123108842 पर हो रहा है। तत्पश्चात बोबी द्वारा उक्त फ्लेट को बिना छत के अधिकार के गुरदेव सिंह दलबीर सिंह गिल को बेचान किया जिसका विक्रय पत्र का पंजीयन दिनांक 16.06.2024 को पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1827 पृष्ठ संख्या 30 क्रमांक 202403123110021 पर हो रहा है। उक्त ऋण बाबत किसी भी व्यक्ति, बैंक या संस्था या अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता को अंदर मियाद 07 दिवस में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगी।

दिनांक: 03.07.2025 भवदीय राजेन्द्र सिंह एडवोकेट 386, माला रोड़, कोटा जं.

सार-समाचार

कांग्रेस पार्षदों व प्रत्याशियों की बैठक आज

रामगंजमंडी, (निसं)। शहर में नगर पालिका के पास शुक्रवार को कांग्रेस पार्षदों एवं पार्षद प्रत्याशियों की एक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बाबेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष विजय गौतम एवं पूर्व पालिका उपाध्यक्ष रमेश मीणा के नेतृत्व में दोपहर 1 बजे आयोजित होगी। बैठक में नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में व्याप्त समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। खासकर जलभराव, सफाई व्यवस्था, सड़कों की स्थिति और नालों की सफाई जैसे मुद्दों पर विचार किया जाएगा। बैठक के बाद पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की जाएगी।

तलवंडी डिस्पेंसरी में योगा मेट्स भेंट की

कोटा, (निसं)। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. नरेन्द्र नागर ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) तलवंडी पर योगाभ्यास हेतु क्षेत्र की समाज सेविका अनीता अग्रवाल ने योगा मेट्स (चटाईयां) भेंट की है। डॉ दिपेश तिवारी ने बताया कि स्वस्थ जीवन शैली में योग का महत्वपूर्ण योगदान है। आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत तलवंडी डिस्पेंसरी में महीने में 10 दिन योग सत्र आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर पर ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर ईश्वर श्रृंगी, राहुल गुप्ता, प्रतिभा शर्मा, रघुनंदन सेन, नागेश मीणा, पूजा राव, राजेश्वरी राठौड़ सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/4477 दिनांक: 3.7.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दया कृष्ण गुप्ता पुत्र स्व. श्री मोती लाल गुप्ता निवासी भूखंड संख्या 690/2 दादाबाड़ी एल.आई.जी.एच. कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 690/2 दादाबाड़ी एल.आई.जी.एच. कोटा क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 690/2 दादाबाड़ी एल.आई.जी.एच. कोटा क्षेत्रफल 1800 वर्गफुट का 99 वर्षीय पट्टेदारी पर विक्रय (नीलाम) कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा पत्र क्रमांक विक्रय/79/327 दिनांक 03.11.1979 से श्री मोती लाल गुप्ता पुत्र श्री मूल चन्द गुप्ता को किया गया। श्री मोती लाल गुप्ता ने जर्ये रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 09.12.2015 से उक्त भूखंड की वसीयत श्री दया कृष्ण गुप्ता पुत्र श्री मोती लाल गुप्ता के नाम कर दी। श्री मोती लाल गुप्ता का देहावसान दिनांक 23.05.2025 को हो जाने के उपरांत आवेदक श्री दया कृष्ण गुप्ता पुत्र स्व. श्री मोती लाल गुप्ता द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपरिषद क्षेत्र, झालावाड़ (आयुक्त न.परि. झालावाड़)

क्रमांक: भूमि रुपांतरण/2025/2191 **लोक सूचना** दिनांक: 27.6.25

आवेदक श्री लखन लाल पुत्र श्री किशन जाति भील निवासी 2 छापर के कुऐ के पास दुर्गपुरा तह. झालरापाटन जिला झालावाड़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित कृषि भूमि का गैर-कृषिक आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्रफल
जिला झालावाड़ तहसील झालरापाटन	राजस्व ग्राम रायपुर	35	0.0506 हेक्टेयर
		463/36	0.0506 हेक्टेयर
		कुल किता 2	0.1012 हेक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा कर दिया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक.....को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी नगरपरिषद क्षेत्र झालावाड़
(आयुक्त नगरपरिषद झालावाड़)

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/680 **विज्ञप्ति** दिनांक:-3.7.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम नयागांव में स्थित कृषि भूमि योजना महेश नगर भूखंड संख्या 27 खसरा नं. 102 आवेदक/आवेदिका श्रीमती हेमलता शर्मा पत्नी श्री महेश कुमार शर्मा निवासी चामुंडा कालोनी वार्ड नं. 3 केशोरायपाटन जिला बून्दी राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 881 दिनांक 19.07.2013 को श्रीमती प्रभा जायसवाल पत्नी श्री ए.के. जायसवाल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 02.05.2025 को जर्ये मुख्तारआम श्री जयंत जैसवाल श्री अरविन्द कुमार जायसवाल द्वारा आवेदिका के पक्ष में किया गया है।

अत: श्रीमती हेमलता शर्मा पत्नी श्री महेश कुमार शर्मा के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/189 दिनांक:-3.7.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा भूखंड संख्या 52 चाणक्यपुरी आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 241 दिनांक 06.10.2003 को श्री चन्द्र प्रकाश शर्मा पुत्र श्री प्रभू लाल शर्मा के नाम आवंटन किया गया था। श्री चन्द्र प्रकाश शर्मा पुत्र श्री प्रभू लाल शर्मा द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री हरि ओम गुप्ता पुत्र श्री राम प्रताप गुप्ता द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.05.2025 को श्रीमती चेतन गुप्ता पत्नी श्री राम प्रताप गुप्ता को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्रीमती चेतन गुप्ता पत्नी श्री राम प्रताप गुप्ता द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 52 चाणक्यपुरी आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती चेतन गुप्ता पत्नी श्री राम प्रताप गुप्ता के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

कोटा, (निसं)। श्री रामधाम सेवा आश्रम ट्रस्ट द्वारा गुरू पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। गुरूवार को पत्रकार वार्ता के दौरान बड़ा भक्तमाल अयोध्याजी के पीठाधीश्वर एवं श्री रामधाम सेवा आश्रम के संस्थापक अवधेश कुमाराचार्य महाराज ने बताया कि गुरू पूर्णिमा महोत्सव के अन्तर्गत आश्रम पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का गुरूवार से भव्य शुभारंभ हुआ। कथा में कथा व्यास डॉ.राजेश मिश्रा द्वारा प्रतिदिन दो